भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. **1247**
शनिवार, 19 सितम्बर, 2020/28 भाद्रपद, 1942 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन क्षेत्र में गिरावट

**1247.** श्री अजय मिश्र टेनीः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विश्व पर्यटन संगठन (यूएनडब्ल्यूटीओ) ने कोविड-**19** के कारण अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन क्षेत्र में **60** प्रतिशत से **80** प्रतिशत गिरावट का अनुमान लगाया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उपरोक्त संगठन ने एशिया प्रशांत क्षेत्र में और अधिक गिरावट की संभावनाओं का अनुमान लगाया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार ने हमारे देश के पर्यटन क्षेत्र पर इसके प्रभाव को जानने के लिए कोई अध्ययन किया है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) और (ख): यात्रा संबंधी प्रतिबंधों को हटाए जाने और अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं को क्रमिक रूप से दोबारा खोले जाने की संभावित तारीखों के आधार पर संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (यूएनडब्ल्यूटीओ) की जून **2020** की रिपोर्ट (वर्ल्ड टूरिज्म बैरोमीटर) के लिए **3** परिकल्पनाएं की गई थी ।

1. परिकल्पना **1** (वर्ष **2020** में **- 58%** आगमन) यदि यात्रा संबंधी प्रतिबंध जुलाई के प्रारंभ में हटा लिए जाएं
2. परिकल्पना **2 (2020** में **-70%)** उसी आधार पर सितम्बर की शुरूआत में
3. परिकल्पना **3** (वर्ष **2020** में **-78%)** उसी आधार पर दिसम्बर की शुरूआत में

(ग) और (घ): जी हां । अगस्त/सितंबर, **2020** के लिए यूएनडब्ल्यूटीओ रिपोर्ट (वर्ल्ड टूरिज्म बैरोमीटर) के अनुसार एशिया तथा प्रशांत विश्व के सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्रों में थे जहां जनवरी- जून, **2020** में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक आगमन **72%** कम हुआ ।

(ड.): वर्ष **2020-21** में पर्यटन क्षेत्र पर कोविड-**19** के प्रभाव का आकलन करने के लिए कोई औपचारिक अध्ययन शुरू नहीं किया गया है । तथापि उद्योग जगत के हितधारकों के साथ विचार-विमर्श तथा विचार- मंथन सत्र के अनेक दौर आयोजित किए जाने के बाद राजस्व के व्यापक रूप से नुकसान का संकेत मिलता है । इस क्षेत्र के अत्यधिक असंगठित स्वरूप के मद्देनजर आंकड़ों के रूप में प्रभाव का आकलन समुचित समय पर ही किया जा सकेगा ।

(च): प्रश्न नहीं उठता ।

*****